an>

Title: Need to construct an International Airport in 'Fatephur Sikri' a place of historical importance in Uttar Pradesh.

श्री बाबूलाल चौधरी (फतेहपुर सीकरी) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं। फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र उत्तर प्रदेश में पड़ता है, मैं वहां से निर्वाचित होकर आया हूं।

महोदय, फतेहपुर सीकरी में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नहीं है, वहां से आगरा 35 किलोमीटर की दूरी पर है। आगरा में 40 साल से यह मांग उठती चली आ रही है कि वहां अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाया जाए, मगर जमीन की कमी के कारण, जमीन नहीं मिलने के कारण, वहां पर अभी तक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नहीं बना है। मेरा आपसे अनुरोध है कि फतेहपुर सीकरी तीन राज्यों को जोड़ता है, मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश, जहां हमलोग खुद हैं, अगर यहां पर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनेगा तो निश्चित तौर से वहां से बहुत राजस्व की प्राप्ति होगी। आज फतेहपुर सीकरी में 40 हजार विदेशी पर्यटक और देसी 3 लाख पर्यटक आते हैं। इनसे लगभग 15 करोड़ रुपए की वार्षिक आय होती है। ताजमहल यहां से 25 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां करीब 70 लाख विदेशी पर्यटक आते हैं और लगभग 35 लाख देसी पर्यटक आते हैं जिससे सरकार को 70-80 करोड़ रुपए राजस्व के रूप में मिलते है।

फतहपुर सीकरी अकबर की राजधानी रही है। फतहपुर सीकरी का बुलंद दरवाजा विश्व में सबसे ऊंचा दरवाजा है। फतहपुर सीकरी सलीम चिश्ती की दरगाह है लाखों विदेशी पर्यटक उसे देखने के लिए एवं पूजा करने के लिए आते हैं। फतहपुर सीकरी से भरतपुर बर्ड सैंचुरी तकरीबन 15 किलोमीटर की दूरी पर है जिसे लाखों पर्यटक देखने आते हैं।...(व्यवधान) फतहपुर सीकरी से मध्य प्रदेश का 180 किलोमीटर ग्वालियर हवाई अड्डा है।...(व्यवधान) फतेहपुर सीकरी से दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की दूरी 280 कि.मी. है, फतेहपुर सीकरी से लखनऊ हवाई अड्डे की दूरी करीब 500 कि.मी. है, फतेहपुर सीकरी से जयपुर हवाई अड्डा भी करीब 280 कि.मी. दूर है अतः यह उपयुक्त और एक ऐतिहासिक जगह है और पर्यटकों को काफी दूरी तय कर हवाई यात्रा करनी पड़ती है।

HON. DEPUTY-SPEAKER: You wanted an international airport and you have mentioned that issue.

Shri Balka Suman.